हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
8 JUNE 2024, समय 1810

1. केंद्र में कल नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरों पर।
2. भारत के पडोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के नेता विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे।
3. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने एचएसएससी के नए चेयरमैन हिम्मत सिंह को दिलवाई शपथ
4. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने राज्य में 50,000 नई नौकरियों की घोषणा की

.....................................................................................

केंद्र में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोर-शोर से जारी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एनडीए संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी को नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया है। शपथ ग्रहण समारोह कल शाम 7 बजकर 15 मिनट पर राष्ट्रपति भवन प्रांगण में होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु श्री नरेंद्र मोदी और उनकी मंत्री परिषद के सदस्योंर को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। श्री मोदी ने कल राष्ट्रापति से मुलाकात की और नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे पहले, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में एनडीए के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी राष्ट्रपति से मुलाकात की और एक पत्र सौंपा जिसमें कहा गया था कि श्री नरेंद्र मोदी को भाजपा संसदीय दल का नेता निर्वाचित किया गया है। एनडीए के घटक दलों की ओर से समर्थन पत्र भी राष्ट्रपति को सौंपा गया। राष्ट्रपति भवन के बाहर श्री मोदी ने कहा कि एनडीए एक सुदृढ, स्थिर और विकासोन्मुख सरकार का गठन करेगी। श्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए पडोसी देशों के विभिन्नन नेताओं को आमंत्रित किया गया है। पडोसी राज्योंत और हिंद महासागर क्षेत्र के नेता समारोह में विशिष्टग अतिथि के रुप में शामिल होंगे। समारोह में भाग लेने के लिए नेता राजधानी पहुंचने लगे हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उप राष्ट्रपति अहमद अफीफ और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगनौथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी समारोह में भाग लेंगे। ये नेता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा कल शाम आयोजित भोज में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में विश्वष नेताओं की उपस्थिति भारत की पड़ोसी प्रथम नीति और 'सागर' दृष्टिकोण को दी गई सर्वोच्च प्राथमिकता को दर्शाती है।

.................................................................................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्रे मोदी ने रामो जी राव के निधन पर शोक व्यक्त किया है। पद्म विभूषण से सम्मानित श्री राव का दृष्टिकोण समाजिक उत्थादन में निहित था। राष्ट्रगपति ने उनके परिवार और शुभचिंतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की। ईनाडु ग्रुप के संस्थापक और मीडिया की जानी-मानी हस्तीत रामोजी राव का आज सुबह हैदराबाद में निधन हो गया। वे 87 वर्ष के थे। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने श्री चेरुकुरी रामोजी राव के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया और हैदराबाद में श्री राव के पार्थिव शरीर पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की ।

...................................................................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज हिम्मत सिंह को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) के नये चेयरमैन के पद की शपथ दिलवाई। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में हिम्मत सिंह ने निष्ठा, पद एवं गोपनीयता की शपथ ली और कहा कि वे आयोग की गरिमा को बनाए रखते हुए यह सुनिश्चित करेंगे कि सरकारी नौकरियों में पारदर्शी और योग्यता के आधार पर चयन हो और यही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। हिम्मत सिंह एचएसएससी के चेयरमैन नियुक्त होने से पहले हरियाणा महा अधिवक्ता कार्यालय में अतिरिक्त महा अधिवक्ता के रूप में कार्यरत थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने हिम्मत सिंह को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि वे अपनी नई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे और राज्य के युवाओं की आकांक्षाओं पर खरा उतरेंगे।अवसर उपलब्ध करवाने जा रही है। उन्होंने इस बात पर बल देते हुए कहा कि सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान बिना किसी भेदभाव के पूरी तरह से योग्यता के आधार पर नौकरियां दी हैं और यह पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया भविष्य में भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा ग्रुप सी और ग्रुप डी श्रेणी के पदों के लिए सामाजिक-आर्थिक मानदंड के तहत अतिरिक्त 5 अंक देने पर पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के हाल ही में दिये गए निर्णय के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि माननीय न्यायालय की पहली पीठ ने गरीब परिवारों के लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इस मानदंड को सही ठहराया था। हालांकि, अगली पीठ का दृष्टिकोण अलग हो सकता है। उन्होंने कहा, "राज्य सरकार उम्मीदवारों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हम जल्द ही इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय में पेश करेंगे और युवाओं को न्याय सुनिश्चित करने के लिए इसकी पुरजोर वकालत करेंगे।"

.................................................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने राज्य के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि शीघ्र ही विभिन्न श्रेणियों में 50,000 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके अलावा, युवाओं को ग्रुप-डी की नौकरियां भी दी जाएंगी। मुख्यमंत्री की यह घोषणा हरियाणा में रोजगार के अवसर प्रदान करने और युवा पीढ़ी की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों का हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी नौकरियों के लिए पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की प्रणाली को जारी रखा जाएगा।

........................................................................................

कैथल पुलिस लाइन में एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। जहां कैथल पुलिस के अनुसंधान अधिकारियों ने एक जुलाई से लागू होने वाले नए तीन कानूनों के संबंध में प्रशिक्षण प्राप्त किया। सेमिनार में प्रशिक्षण देने का कार्य जिला न्यायवादी जयभगवान गोयल द्वारा किया गया। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में किए गए परिवर्तनों बारे विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि भारतीय दंड संहिता को अब भारतीय न्याय संहिता के नाम से व दंड प्रक्रिया संहिता को अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने वहां पर उपस्थित सभी अनुसंधान अधिकारियों को इन कानूनों से हटाई गई धाराओं और ऐसी सभी धाराओं के बारे में विस्तार से बताया जिनमें बदलाव किया गया है या जो नई जोड़ी गई हैं। उन्होंने बताया कि किस धारा का स्थान अब किस धारा ने ले लिया है और उसके संबंध में क्या दंड निर्धारित किया गया है। एक जुलाई से सभी अनुसंधान अधिकारियों को इन कानूनों के अनुसार ही कार्य करना होगा। अनुसंधान अधिकारियों द्वारा पूछे गए सवालों का स्पष्टता के साथ जवाब दिया। उन्होंने सभी का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि कोई भी अधिकारी नए कानूनों को लेकर घबराएं नहीं क्योंकि आने वाले दिनों में इस प्रकार के कई सेमिनारों का आयोजन कर सभी को 1 जुलाई तक सभी ढंग से प्रशिक्षित किया जाएगा।

........................................................................................

हरियाणा के नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने हिसार में मुख्यमंत्री आगमन की तैयारियों के मद्देनजर हिसार एयरपोर्ट की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डॉ कमल गुप्ता ने बताया कि आगामी 20 जून को विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के लिए मुख्यमंत्री हिसार एयरपोर्ट पर आ रहे हैं और हिसार एयरपोर्ट से जुड़े जिन प्रोजेक्ट का कार्य पूरा हो चुका है, उन कार्यों का उद्घाटन करेंगे। हरियाणा एयरपोर्ट डेवलपमेंट कारपोरेशन (एचएडीसी) चेयरमैन का कार्यालय एटीसी टावर की बिल्डिंग में बनकर तैयार हो गया है। उन्होंने बताया कि महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट पर रनवे, कैट आई, एटीसी, जीएससी एरिया, पीटीटी, लिंक टैक्सी, एप्रेन, फ्यूल रूम, बेसिक स्पिट पैरामीटर रोड और बरसाती ड्रोन बनाने का कार्य

लगभग पूरा हो गया है। हवाई जहाजों के ट्रैफिक कंट्रोल के लिए बनी एटीसी टावर की बिल्डिंग का निरीक्षण भी उड्डयन मंत्री द्वारा किया गया।

.....................................................................................

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शुक्रवार को सुनारिया स्थित जिला जेल परिसर में लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अनिल कौशिक ने की। उन्होंने जेल लोक अदालत में विभिन्न फौजदारी मुकदमों की सुनवाई के दौरान 19 कैदियों को तुरंत रिहाई के निर्देश दिए।

सीजेएम ने कहा कि किसी भी आरोपी का यह संवैधानिक अधिकार है कि अदालत में सुनवाई के दौरान उसे अपने बचाव का मौका मिले।

.....................................................................................